पॉलीटेक्निक छात्रों को निपुण करेगा आईआईटी

कानपुर | **वरिष्ठ संवाददाता**

ई-लर्निंग

- आईआईटी मुंबई का प्राविधिक शिक्षा विभाग से हुआ करार
- ई-लेक्चर स्पोकेन ट्यूटोरियल्स के जरिए पढ़ेंगे छात्र

पॉलीटेक्निक छात्र अब खुद को निपुण बनाने को ई लेक्चर स्पोकेन ट्यूटोरियल्स से पढ़ सकते हैं। छात्रों को पढ़ाई में मदद तो मिलेगी साथ ही वे एक क्षेत्र में निपुण हो सकेंगे। ऑनलाइन लेक्चर को पढ़कर प्रत्येक महीने आईआईटी मुंबई छात्रों का ऑनलाइन टेस्ट लेगा। पास होने वाले छात्रों को आईआईटी मुंबई का प्रमाण-पत्र मिलेगा। इसका उपयोग छात्र रोजगार पाने में कर सकेंगे। यह करार प्राविधिक शिक्षा विभाग और आईआईटी मुंबई के बीच हुआ है।

शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक कफील अहमद ने बताया कि स्पोकेन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट के अंतर्गत छात्र अपनी ट्रेड के कोर्स चुनकर इसे प्राविधिक शिक्षा की वेबसाइट से डाउनलोड कर पढ़ाई कर सकते हैं। छात्रों को अपनी ब्रांच के मुताबिक लेटेस्ट जानकारी मिल सकेगी। इसके लिए पॉलीटेक्निक में क्लास भी चलाई जाएगी।इसमें सरकारी और प्राइवेट पॉलीटेक्निक के छात्र भाग ले सकते हैं।

13 अगस्त से शुरू होगा प्रशिक्षण : स्पोकेन ट्यूटोरियल्स की जानकारी देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी शुरुआत 13 अगस्त से राजकीय पॉलीटेक्निक झांसी से होगी। 16 अगस्त को राजकीय पॉलीटेक्निक कानपुर व गोरखपुर, 17 को लखनऊ, 19 को मुरादाबाद, 20 को गाजियाबाद और 22 अगस्त को एम्वीशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी वाराणसी समेत सात पॉलीटेक्निक में आईआईटी मुंबई के माध्यम से किया जाएगा।